## दुकान हड़पने के दबाव से व्यापारी ने खाया ज़हर, पत्नी ने एसपी से लगाई गुहार

**मन्दसौर। शहर के नयापुरा क्षेत्र में ब्याज की अवैध वसूली, जान से मारने की धमकी और दुकान खाली कराने के दबाव से परेशान एक व्यापारी द्वारा ज़हर खा लेने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक मन्दसौर को आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।**



पीड़िता मुस्कान पति इनायत खां निवासी राज बेकरी के पासए मेवातीपुरा नयापुरा मन्दसौर ने बताया कि उनके पति इनायत खां के साथ आरोपियों द्वारा लगातार डराने.धमकानेए मारपीट करने और अवैध ब्याज की वसूली का दबाव बनाया जा रहा था। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उनके पति ने दिनांक 02 जनवरी 2026 को ज़हर खा लियाए जिन्हें पहले सिविल अस्पताल मन्दसौर और बाद में गंभीर हालत में कोठारी हॉस्पिटल मन्दसौर में भर्ती कराया गया है। अनपढ़ होने का फायदा उठाकर कराई गई कथित फर्जी रजिस्ट्री आवेदन में बताया गया कि हर्ष विहार कॉलोनीए किटियानी वार्ड क्रमांक.4 स्थित लोहे की शटर वाली दुकान पर प्रार्थीया व उसके पति का संयुक्त स्वामित्व व कब्जा है। आरोप है कि जाहिद खां पिता नाहर खांए निवासी अभिनन्दन एक्स मन्दसौर ने ब्याज के नाम पर पैसे उधार देकर पति को कोर्ट ले जाकर धोखे से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में ज्ञात हुआ कि दुकान की कथित रूप से अवैध व फर्जी विक्रय रजिस्ट्री आरोपी के पक्ष में करा ली गईए जबकि प्रार्थीया स्वयं उस दुकान की सहखातेदार है। मारपीट कर सामान बाहर फेंकने का आरोप पीड़िता ने बताया कि दिनांक 02/01/2026 को आरोपी जाहिद खांए कमल पहलवानए अरबाज पिता युसुफ एवं अन्य लोग दुकान पर पहुंचेए जबरन घुसकर मारपीट की और दुकान का सामान बाहर फेंक दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कहा गया कि श्हम किसी से नहीं डरतेए शिकायतें भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकीं ।श् पूर्व शिकायतों पर कार्यवाही नहीं होने का आरोपमुस्कान ने बताया कि इससे पहले भी उनके पति द्वारा 24/11/2025 को तथा स्वयं उनके द्वारा 19/12/2025 को पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत की गई थी। इसके अलावा 02/01/2026 को मुख्यमंत्री आईजी उज्जैन एवं पुलिस अधीक्षक मन्दसौर को भी आवेदन दिए गए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से आरोपियों के हौसले और बढ़ गए। एसपी से सुरक्षा व कार्रवाई की मांगपीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपीगण के विरुद्ध धोखाधड़ी अवैध वसूली धमकी, मारपीट एवं आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे गंभीर अपराधों में प्रकरण दर्ज किया जाए तथा परिवार की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## खिलचीपुरा में गूंजेगी भागवत कथा की अमृतवाणी

**▸ 5 जनवरी से शुरू होगा 'ज्ञान गंगा महोत्सव'**



**मन्दसौर।** खिलचीपुरा में भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन श्री महाराणा प्रताप धर्मशाला (राजपूत समाज ट्रस्ट), ठाकुर मोहल्ला, कुबेर नगर (खिलचीपुरा), मंदसौर में होने जा रहा है। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित यह संगीतमय महोत्सव 5 जनवरी से 11 जनवरी तक चलेगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. माधव शास्त्री (प्रतापगढ़, राज.) द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन कथा का प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक होगी।

आयोजन समिति के सदस्य सुनील सिंह ठाकुर ने बताया कि इस सात दिवसीय महोत्सव में कथा के साथ-साथ अन्य विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें 10 जनवरी शनिवार को शाम 7 बजे से भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 11 जनवरी रविवार को दोपहर 3 बजे से महाप्रसादी, भव्य शोभा यात्रा और कथा की पूर्णाहुति होगी।

कथा आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे शास्त्री जी के मुखारविंद से कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करे।

## एक नजर में

### इंदौर दूषित जल कांड को लेकर युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन




**भानपुरा।** इंदौर में दूषित पानी से 15 लोगों की मौत के विरोध में जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में शनिवार को भानपुरा में युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मीडिया के प्रति किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में उनका पुतला दहन किया गया। यह पुतला दहन भानपुरा बस स्टैंड स्थित विजय स्तंभ पर किया गया, जहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में गरोठ-भानपुरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान, प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव शहरयार शिबू, मेलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जीतू बेरागी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नेशनल सीनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता : बालिका वर्ग में म.प्र. ने हिमाचल को हराया, क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न



**भानपुरा।** भानपुरा में आयोजित नेशनल सीनियर थ्रो बॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इन रोमांचक मुकाबलों में बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन के मंदसौर जिला सचिव तरुण लोहार ने जानकारी देते हुए बताया कि बालक वर्ग में आंध्र प्रदेश ने मध्य भारत को 25-13 अंकों से पराजित किया। इसी तरह आंध्र प्रदेश ने राजस्थान को भी 25-13 से हराया। दिल्ली ने झारखंड को 25-14 अंकों से शिकस्त दी, जबकि तेलंगाना ने हिमाचल प्रदेश को 25-10 अंकों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश की टीम ने हिमाचल प्रदेश को 25-19 अंकों से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। कर्नाटक ने उड़ीसा को 25-15 से, आंध्र प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 25-10 से तथा तेलंगाना ने तमिलनाडु को 25-13 अंकों से पराजित किया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले रविवार 4 जनवरी को खेले जाएंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

### गरोठ में प्रतिबंधित प्लास्टिक व डिस्पोजल उपयोग पर चालानी कार्रवाई



**गरोठ।** नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों एवं डिस्पोजल के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से चालानी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। लगातार समझाइश के बावजूद पॉलीथिन का उपयोग बंद नहीं करने तथा सड़क व दुकानों के सामने कचरा फेंकने की शिकायतों को देखते हुए नगर परिषद ने सख्त कदम उठाए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरिश शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार 03 जनवरी 2026 को नगर के व्यवसायिक क्षेत्र नए बस स्टैंड एवं सब्जी मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल प्रतिबंध अभियान के तहत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नए बस स्टैंड क्षेत्र में 15 चाय की दुकानों पर डिस्पोजल का उपयोग पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं सब्जी मंडी क्षेत्र में कुछ विक्रेताओं द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करते पाए जाने पर 3 दुकानों पर चालान किया गया।

### SOF इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में श्री साई विद्या निकेतन के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गरोठ।** SOF इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (2025-26) में श्री साईविद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, गरोठ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, नगर एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित लेवल-2 परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है, जबकि 17 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। लेवल-2 के लिए चयनित विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट जोनल रैंक एवं उच्च परसेंटाइल के साथ अगला चरण सुनिश्चित किया है। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 6 के तेजस्वी शर्मा एवं वृषाली करमरकर (जोनल रैंक 28, परसेंटाइल 97.88), कक्षा 3 की खतीजा एवं तन्नू (जोनल रैंक 760, परसेंटाइल 83.78) तथा कक्षा 5 के राघव राठोड़िया एवं अनंत मेहर (जोनल रैंक 590, परसेंटाइल 66.91) शामिल हैं।

## हर हिंदू परिवार सामूहिक भोज में हो सम्मिलित : रविंद्र पाण्डेय

**▸ आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर 'पंच परिवर्तन' का आह्वान**

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संघ के पूर्व जिला व विभाग पदाधिकारी रविंद्र पाण्डेय ने समाज के प्रति संघ के दृष्टिकोण और आगामी योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलनों में प्रत्येक हिंदू परिवार की सहभागिता अनिवार्य है।

पाण्डेय ने विशेष बल देते हुए कहा कि 'प्रत्येक परिवार यह संकल्प ले कि वे सम्मेलन के दौरान आयोजित सामूहिक भोज में ही सहभागी होंगे, ताकि समाज में एकात्मता का संदेश जाए।' उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का ध्येय राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाना और हिंदू समाज के स्वाभिमान की रक्षा करना है। सरसंघचालक के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है, चाहे उसकी पूजा पद्धति कोई भी हो। संघ किसी के विरोध में नहीं, बल्कि भारत माता की सर्वांगीण उन्नति के लिए कार्य करता है।

पाण्डेय ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने समाज सुधार के लिए 'पंच परिवर्तन' की योजना बनाई है। ये पांच परिवर्तन हैं सामाजिक समरसता समाज में समरसता और एकता को बढ़ावा देना, जातिगत भेदभाव को समाप्त करना।

**हिन्दवः सोदरारू सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत्।**
**मम दीक्षा हिंदू रक्षा, मम मंत्र समानता।।**

अर्थात सब हिंदू भारत माँ की संतान होने से सहोदर हैं, भाई हैं, इसलिए कोई हिंदू पतित नहीं हो सकता है। हमने 'समानता का मंत्र लेकर 'हिंदू रक्षा' की दीक्षा ली है। मेरा मंत्र समानता है, कुटुंब प्रबोधन पारिवारिक जीवन में सुधार, संस्कार और कर्तव्यों का पालन। पर्यावरण संरक्षण पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाना। स्वदेशी आचरण स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना व नागरिक कर्तव्य नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इन पांच परिवर्तनों के माध्यम से समाज में व्यापक सुधार लाने और भारत को एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखता है।



## जानलेवा हमला, घरों में घुसकर तोड़फोड़, जातिसूचक गालियों से दहशत फैलाने वाले के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

**मंदसौर।** नववर्ष 2026 की रात मंदसौर जिले के ग्राम लादूसा (रेल मगरा धुंधडका) में कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा ग्रामीणों पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01 जनवरी 2026, रात्रि लगभग 8 बजे, अज्ञात हमलावरों ने दो वाहनों (मोटरसाइकिल एमपी14 जेएफ 4895 एवं वाहन एमपी14 बी023) से आकर ग्रामीणों के घरों पर पत्थरों से हमला कर दिया। घटना के समय पीड़ित परिवार अपने घरों में भोजन बना रहे थे। अचानक हुए हमले से ग्रामीण घबरा गए, कई लोगों को चोटें आईं और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जातिसूचक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए ग्रामीणों को जान से मारने की धमकियाँ भी दीं। हमलावरों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़, घरेलू सामान को नुकसान पहुँचाने और पूरे इलाके में भय व आतंक का माहौल पैदा करने का भी आरोप है। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार गहरे डर और असुरक्षा के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक, मंदसौर को आवेदन सौंपते हुए मांग की है कि घटना की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं दोबारा भी हो सकती हैं। स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़ित परिवारों को सुरक्षा एवं न्याय प्रदान करने की मांग की है।

## दलौदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे में 15 वर्ष के नाबालिग बालक को ज़ावरा से किया दस्तयाब

**दलोदा /नाहरगढ़।** दलोदा से उज्जैन गुरुकुल के लिए निकला नाबालिक बालक (बटुक) को ढूंढकर सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी नाबालिक बालक /बालिकाओं को खोजने हेतु मध्यप्रदेश के सभी जिलों मे आपरेशन संचालित किया जा रहा है, उक्त तारतम्य मे जिला मन्दसौर पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा के द्वारा गुम नाबालिग बालक-बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारीयों को दिये गये जिसके पालन मे कार्यवाही करते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिहं बघेल एवं एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन तथा उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी थाना दलौदा के नेतृत्व मे दलोदा पुलिस टीम ने 15 वर्षीय नाबालिक बालक को त्वरित कार्रवाई करते हुए केवल 2 घंटे में



जावरा से दस्तयाब कर सकुशल परिजन को सुपुर्द करने में सफलता प्राप्त की।

सूचनाकर्ता द्वारा अपनी नाबालिक पुत्र के सम्बन्ध में बताया कि मेरा पुत्र दलोदा से उज्ज़ेन गुरुकुल लिए बस से निकला था लेकिन वह गुरुकुल नहीं पहुँचकर कहीं गुम हो गया है। जिस पर थाना दलौदा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल टीम गठित कर बस के संबंध में जानकारी एकत्र कर विशेष टीम को उज्जैन देवास गेट रवाना किया गया जहां टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बालक को अन्य बस से जावरा जाने के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र की बाद अन्य टीम को जावरा भेजा गया जहाँ टीम द्वारा जावरा पहुँचकर नाबालिक बालक को ढूंढकर जावरा से नाबालिक बालक को दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता प्राप्त की

सराहनीय कार्य उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा तथा पुलिस बल टीम थाना दलौदा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अभिव्यक्ति स्थल पर हर रविवार सजेगा जैविक हाट बाजार

**मंदसौर।** जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनकी उपज के लिए उचित विपणन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रविंद्र मोदी ने बताया कि यह जैविक हाट बाजार प्रत्येक रविवार, प्रातः 11.00 बजे से नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री हेतु यह एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध होंगे।



## गरोठ : दूषित पेयजल मामले को लेकर कांग्रेस का आक्रोश, किया पुतला दहन

**गरोठ। दूषित पेयजल आपूर्ति से हुई जनहानि के विरोध में शनिवार 3 जनवरी 2026 को कांग्रेस द्वारा हॉस्पिटल चौराहे पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। भानपुरा विधानसभा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत तथा हजारों लोगों के बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होने की घटना के बावजूद शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से कांग्रेस नेताओं में भारी आक्रोश देखा गया।**

इस दौरान जनहित के मुद्दे को उठाने वाले मीडिया के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में मंदसौर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गेश पटेल, कांग्रेस नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण आमजन की जान जा रही है, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दूषित पेयजल की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की।

## मालवा की बेटी उमा अटोलिया राष्ट्रीय मंच पर, मंदसौर विश्वविद्यालय का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मंदसौर।** मंदसौर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रथम वर्षीय छात्रा उमा अटोलिया ने योगासन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विश्वविद्यालय और पूरे मालवा अंचल को गौरवान्वित किया है। उमा अटोलिया का चयन एस-व्यास डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय महिला योगासन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 5 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।



योगासन में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उमा अटोलिया इससे पूर्व अखिल भारतीय योगासन (लयात्मक योगासन पेयर महिला) प्रतियोगिता में उत्तराखंड में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके साथ ही उनका प्रभावशाली प्रदर्शन 38वें राष्ट्रीय खेलों (28 जनवरी से 14 फरवरी 2025) में भी देखने को मिला था। निरंतर अनुशासन, कठिन अभ्यास और समर्पण ने उन्हें एक बार फिर राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाया है।

इस उपलब्धि पर मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उमा अटोलिया का चयन विश्वविद्यालय के लिए गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और मानसिक अनुशासन का अभिन्न अंग है, और उमा का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व विश्वविद्यालय को योग एवं खेल क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा।

वर्तमान में उमा अटोलिया अखिल भारतीय महिला योगासन चैंपियनशिप की गहन तैयारी में जुटी हैं। वे इस प्रतियोगिता में मंदसौर विश्वविद्यालय के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनका यह चयन विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत सिद्ध होगा।

**एक नजर** ▸ **जमालपुरा में हिंदू सम्मेलन का भव्य आगाज़**

## 'जातियों में न बंटकर बंद मुट्ठी की तरह एकजुट बने हिंदू समाज'

**भालोट।** भालोट खंड के माल्याखेड़ी मंडल के ग्राम जमालपुरा में भव्य हिंदू सम्मेलन का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें ग्रामीण हाथों में भगवा ध्वज लेकर जयघोष करते हुए निकले। पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुँची, जहाँ विधि-विधान से भगवा ध्वज स्थापित कर भूमि पूजन संपन्न किया गया।



सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए मंदसौर जिला संघचालक श्री दशरथ सिंह झाला ने सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने उंगलियों और मुट्ठी का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें जातियों में बंटने के बजाय एक मुट्ठी बनना होगा। यदि हमारी उंगलियां अलग-अलग रहेंगी, तो कोई भी उन्हें आसानी से तोड़ सकता है। लेकिन जैसे ही हम एकजुट होकर मुट्ठी बंद करते हैं, सबकी ताकत संग्रहित हो जाती है और उसे तोड़ना नामुमकिन हो जाता है। आने वाली पीढ़ी को मजबूत करने के लिए समाज का संगठित होना अनिवार्य है।

सम्मेलन के माध्यम से आगामी 18 जनवरी को होने वाले वृहद कार्यक्रम के लिए पीले चावल देकर घर-घर निमंत्रण देने का संकल्प लिया गया। समाजजनों से आग्रह किया गया कि उस दिन मंडल के किसी भी हिंदू घर में चूल्हा न जले और सभी समाजजन एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन करें। इस पहल का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के मन में सामाजिक समरसता के भाव जगाना है।

इस अवसर पर भलोट खंड संघचालक श्री भेरूलाल राठौड़, हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक श्री नंदकिशोर पाटीदार, मंडल संयोजक श्री कन्हैयालाल धनगर, और रेवास देवड़ा उपखंड सह-बौद्धिक प्रमुख प्रफुल्ल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जमालपुरा सहित गल्याखेड़ी, माल्याखेड़ी, अचेरी और भरडावद के वरिष्ठ नागरिक एवं ऊर्जावान युवाओं सहित सकल हिंदू समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।